**देश के उभरते हुए युवकों को प्रशिक्षण**

1710. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ओलम्पिक खेलों और अन्य अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कुछ देशों के खिलाड़ियों और महिलाओं की सफलता को ध्यान में रखते हुए देश के उभरते हुए युवकों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण देने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार क्या उपाय करने का विचार रखती है ?

**युवा कार्य और खेल विभाग में राज्य मंत्री (श्री आर० के० जयचन्द्र सिंह) :** (क) और (ख) राज्य खेल परिषदों को अवस्थानात्मक सुविधायें उत्पन्न करने के लिए अनुदान देने जैसी चल रही विभिन्न योजनाओं को तेज करने के एक भाग के रूप मे राष्ट्रीय खेल संघों को प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट आयोजित करने, खेल प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियां, अखिल भारतीय ग्रामीण खेल टूर्नामेंट, अखिल भारतीय महिला खेल चैम्पियनशिप आदि को आयोजित करने के लिए अनुदान दिए जाते है। सातवी योजना के दौरान कई नई योजनायें शुरू करने का प्रस्ताव है, जिसमे वार्षिक तौर पर राष्ट्रीय खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगितायें आयोजित करने और भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा विशेष तौर पर अपनाए गए स्कूलों में पता लगाए गए प्रतिभाशालियों को प्रशिक्षित करने और राष्ट्रीय खेल संस्थान के जरिये क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्रों के समीप युवा छात्रावास खोलने, शामिल है।

**हिन्दी का उत्तरोत्तर प्रयोग**

1711. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत तीन वर्षों के दौरान गृह मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों/विभागों द्वारा सरकारी कार्यों के लिए हिन्दी के उत्तरोत्तर प्रयोग से संबंधित वार्षिक कार्यक्रम को विभिन्न मदों के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त नहीं किया गया ; और

(ख) क्या सरकार विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में हिन्दी में किये गए कार्य पर प्रभावी ढंग से नजर रखने के लिए पृथक मंत्रालय बनाने का विचार रखती है ?

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) :** (क) वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिये विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में निरंतर प्रयास जारी है और कमियों को दूर करने के प्रयत्न किय जा रहे है।

(ख) जी, नहीं।

**अन्तर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन में हिन्दी का प्रयोग**

1712. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन को यह नहीं बताया है कि हिन्दी इसकी राजभाषा है जिसके परिणामस्वरूप अंतर्राष्ट्रीय नागर विमानन संगठन द्वारा हिन्दी नहीं अपनाई गई है और उनके द्वारा हिन्दी में कोई साहित्य और पत्र-पत्रिका प्रकाशित नहीं की जाती ; और